संख्या/6/2026/ए-2-42 /दस-2026/2052933/2026

प्रेषक,

दीपक कुमार,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

1. **समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव उ0प्र0 शासन।**
2. **समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयध्यक्ष, उत्तर प्रदेश**
3. **समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।**
4. **समस्त प्रबन्ध निदेशक/निदेशक, राजकीय निर्माण एजेन्सी।**
5. **निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर/आई0आई0टी0 बी0एच0यू0/आई0आई0टी0 दिल्ली/आई0आई0 टी0 रूडकी।**

वित्त (लेखा) अनुभाग-2 **लखनऊ दिनांकः 21 अगस्त, 2026**

विषयः- विभिन्न मार्ग, सेतु, वाटर सप्लाई पाईपलाईन तथा सीवर पाईपलाईन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु थर्ड पार्टी क्वालिटी आडिट (TPQA) हेतु मानक संचालन प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में विभिन्न मार्ग, सेतु, वाटर सप्लाई पाईपलाईन तथा सीवर पाईपलाईन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित किये जाने हेतु मार्ग, सेतु, वाटर सप्लाई पाईपलाईन तथा सीवर पाईपलाईन निर्माण प्रायोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट (TPQA) विभिन्न तकनीकी संस्थाओं से कराये जाने हेतु शासनादेश संख्या-4/2026-ए-2-22/दस-2026/1960262/2026, दिनांक 07.05.2026 द्वारा विस्तृत व्यवस्था प्रतिपादित की गई थी।

2- उपर्युक्त शासनादेश में रू0 100.00 करोड़ से अधिक लागत की प्रायोजनाओं के थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट (टीपीक्यूए) कराने हेतु प्रायोजना हेतु विभिन्न आई0आई0टी0 को आबद्ध किये जाने का मण्डलवार निर्धारण निम्नवत किया गया था:-

तालिका-अ

क्रम सं0	संस्थान	मण्डलवार परियोजनाएँ
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (IIT Kanpur)	कानपुर, लखनऊ, बांदा, प्रयागराज, अयोध्या, एवं देवीपाटन
2.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), वाराणसी (IIT BHU)	बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी एवं मिर्जापुर
3.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (IIT Delhi)	मेरठ, अलीगढ़, झांसी, एवं आगरा
4.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (IIT Roorkee)	सहारनपुर, मुरादाबाद एवं बरेली

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

3- उल्लेखनीय है कि आई0आई0टी0, दिल्ली द्वारा नीतिगत आधार पर टी0पी0क्यू0ए0 हेतु प्रस्तावित व्यवस्था में प्रतिभाग किये जाने में असमर्थता व्यक्त की गई है। उक्त के दृष्टिगत सम्बन्धित आई0आई0टी0 से सहमति के उपरान्त रू0 100.00 करोड़ से अधिक की प्रायोजनाओं हेतु संशोधित मण्डलवार निर्धारण निम्नवत् है:-

तालिका- ब

क्रम सं0	**संस्थान**	**मण्डलवार परियोजनाएँ**
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (IIT Kanpur)	कानपुर, लखनऊ, बांदा, प्रयागराज, अयोध्या, देवीपाटन, आगरा एवं झांसी
2.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), वाराणसी (IIT BHU)	बस्ती, गोरखपुर, आजमगढ़, वाराणसी एवं मिर्जापुर
3.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की (IIT Roorkee)	सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ एवं अलीगढ़

शासनादेश दिनांक 07.05.2026 की शेष सभी व्यवस्थाऐं यथावत रहेंगी।

दीपक कुमार
अपर मुख्य सचिव।

संख्या तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य स्टाफ आफिसर/स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।

3. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।

4. मुख्य अभियन्ता, तकनीकी सेल, ई0पी0सी0 मिशन, नियोजन विभाग, उ0प्र0।

5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
विवेक त्रिपाठी
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.gov.in